दिनांक-15/02/2025

<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>

आज दिनांक 15/02/2025 को आर० एस० बी० ट्रांसमिशंस इंडिया लिमिटेड, यूनिट-2, गम्हरिया मे मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं वोलेन्टरी ब्लड डोनर एसोसिएशन (V V D) के सहयोग से संपन्न हुआ जो सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चला। कैंप मे कुल 362 यूनिट ब्लड का संग्रह कर जमशेदपुर ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। कैंप मे ब्लड डोनेट करने वाले सभी कर्मचारियों को सराहना एवं प्रोत्साहन स्वरुप उपहार प्रदान किये गए।

इस अवसर पर कंपनी के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री एस के बेहेरा उपस्थित थे एवं उन्होंने अपने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत हर तीन महीने मे अपने विभिन्न प्लांट्स मे ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करती है , जिसमे हर स्तर के कर्मचारी बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। **इस अवसर पर श्रीमती उर्मिला बेहेरा और श्रीमती नलिनी बेहेरा भी उपस्थित हुई एवं ब्लड डोनर्स को प्रोत्साहित किया।**

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में गम्हरिया प्रखंड के बी. डी. ओ. श्री अभय कुमार द्विवेदी भी उपस्थित थे एवं उन्होंने ब्लड डोनेशन को महादान बताया और कहा कि RSB के इस प्रकार के आयोजन से इंडस्ट्रियल एरिया के अन्य उद्योग भी प्रेरित होंगे और इस तरह के आयोजन से समाज का कल्याण होगा। अन्य विशिष्ट अतिथि सी.आर.पी.एफ. 157 बटालियन के कमांडेंट (2IC) श्री सूर्यकांत कुमार सिंह भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या मे कर्मचारियों को उत्साहपूर्वक रक्तदान करते देख उन्हें काफी प्रसन्नता हुई एवं कंपनी के इस समाज कलयाणकारी कार्यों की उन्होंने सराहना की।

प्लांट हेड श्री अनुरागम वत्स ने इस कैंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कंपनी के ऐ.वी.पी.-बिज़नेस डेवलपमेंट श्री सरोज साहू ने भी ब्लड डोनेशन कैंप का विजिट किया एवं कर्मचारियों की सराहना की।

ब्लड डोनेशन कैंप कि जिम्मेदारी एच०आर० विभाग के सुयश वर्मा, जया सिंह ,सुनीता भट्टामिश्रा , हेमंत प्रधान , सागरिका , श्वेता तिवारी , देवी प्रसाद प्रधान , सुशीला हाँसदा, आयुषी कुमारी एवं कमिटी मेंबर पंकज सिंह , बिमलेश कुमार, एस शी झा , शंकर , अनिल , प्रदीप , संजय सोय, सुभाष महतो , इन्द्रकेश, बिनोद एवं अन्य अन्य कमीटी सदस्य संभाल रहे थे।

(For further info. pls. contact – Ms. Jaya Singh- 7541815650/ Mr. S. K. Verma-7070991616)